ADP/2024/17378-87
8/7/24

सह–निदेशक (प्रकाशन)
चौ.च.सिं.ह.कृ.वि., हिसार

नीलामी सूचना

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के गांधी भवन स्थित प्रेस के प्रांगण में दिनांक 15.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे काट–छांट में बची लगभग 7–8 क्विंटल कागजों की कटिंग (रद्दी) की विभागीय नीलामी की जाएगी। अतः इच्छित बोलीदात/पार्टियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर गांधी भवन स्थित प्रेस में होने वाली बोली में बढ़चढ़ कर भाग लें व इस सुनहरे अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

आवश्यक नियम व शर्तें:

1. प्रत्येक बोली देने वाले व्यक्ति को नीलामी से पहले 2000/– (दो हजार) रुपये की धनराशि बतौर बयाना जमा करवानी होगी।
2. बोली न छूटने वाले बोलीदाता की बयाना राशि नीलामी के आखिर में वापिस कर दी जाएगी और उक्त राशि पर कोई ब्याज आदि नहीं दिया जाएगा।
3. जिसके नाम बोली छूटेगी उस बोलीदाता की बयाना राशि रख ली जाएगी तथा सामग्री की पूरी राशि की अदायगी के समय उक्त राशि समायोजित कर ली जाएगी।
4. सबसे ऊंची बोली देने वाले बोलीदाता को 5 दिन के अन्दर–अन्दर उक्त सामग्री उठानी होगी तथा उसी दिन सारी धनराशि हमारे कार्यालय में जमा करवानी होगी।
5. बोली स्वीकृति का अंतिम निर्णय नीलामी समिति का होगा जो बिना कारण बताए उसे रद्द भी कर सकती है।
6. दी गई बोली से पीछे हटने तथा स्वीकर न करने की सूरत में बोलीदाता की बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।
7. विश्वविद्यालय के नियमानुसार सामान उठाने वाली पार्टी को या बोलीदाता को 5 प्रतिशत जी.एस.टी. अलग से देना होगा। जो कि कुल रकम पर अलग से देय होगा।

01.07.2024
सह–निदेशक (प्रकाशन)
चौ.च.सिं.ह.कृ.वि., हिसार

प्रेषित प्रतिलिपिः

1. निदेशक, विस्तार शिक्षा निदेशालय, चौ.च.सिं.ह.कृ.वि., हिसार
2. कम्प्यूटर विभाग, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, हिसार।
3. शहर के सभी रद्दी विक्रेताओं (कबाड़ियों) को प्रेषित है।